No. of Printed Pages : 4

एम.एच.डी.-2

06038

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.एच.डी.)

सत्रांत परीक्षा

जून, 2010

एम.एच.डी.-2 : आधुनिक हिन्दी कविता

समय : 3 घण्टे *अधिकतम अंक : 100*

नोट : ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

---

1. निम्नलिखित में से ***किन्हीं तीन*** काव्यांशों की व्याख्या कीजिए : **3x12=36**

(a) जीवन की जटिल समस्या
है बढ़ी जटा सी कैसी
उड़ती है धूल हृदय में
किसकी विभूति है ऐसी?
जो घनीभूत पीड़ा थी
मस्तक में स्मृति सी छायी
दुर्दिन में आँसू बनकर
वह आज बरसने आयी।

(b) बाँधों न नाव इस ठाँव, बन्धु!
पूछेगा सारा गाँव, बन्धु!
यह घाट वही जिस पर हँसकर
वह कभी नहाती थी धँसकर
आँखें रह जाती थीं फँसकर
कँपतें थे दोनों पाँव, बन्धु!
    वह हँसी बहुत कुछ कहती थी,
    फिर भी अपने में रहती थी,
    सबकी सुनती थी, सहती थी,
    देती थी सबके दाँव, बन्धु!

(c) मैं नीर भरी दुख की बदली!
स्पन्दन में चिर निस्पन्द बसा,
क्रन्दन में आहट विश्व हँसा,
    नयनों में दीपक से जलते
    पलकों में निर्झरिणी मचली!
मेरा पग पग संगीत भरा,
श्वासों से स्वप्न-पराग झरा,
    नभ के नव रंग बुनते दुकूल
    छाया में मल्य-बयार पली!
मैं क्षितिज-भृकुटि पर घिर धूमिल
चिन्ता का भार बनी अविरल,
रज-कण पर जल-कण हो बरसी
नवजीवन-अंकुर बन निकली!

(d) हँसो पर चुटकुलों से बचो
उनमें शब्द हैं
कहीं उनमें अर्थ न हों जो किसी ने सौ साल पहले दिये हों
बेहतर है कि जब कोई बात करो तब हँसो
ताकि किसी बात का कोई मतलब न रहे
और ऐसे मौको पर हँसो
जो कि अनिवार्य हों
जैसे गरीब पर किसी ताकतवर की मार
जहाँ कोई कुछ कर नहीं सकता
उस गरीब के सिवाय
और वह भी अक्सर हँसता है

(e) मगध में लोग
मृतकों की हड्डियाँ चुन रहे हैं
कैन-सी अशोक की है?
और चन्द्रगुप्त की?
नहीं, नही,
ये बिम्बिसार की नहीं हो सकती
अजात शत्रु की हैं,
कहते हैं मगध के लोग
और आँसू
बहाते हैं
स्वभाविक है
जिसने किसी को जीवित देखा हो
वही उसे
मृत देखता है
जिसने जीवित नहीं देखा
मृत क्या देखेगा?

2. भारतेन्दु हरिश्चंद्र मुख्य रूप से राष्ट्रीय चेतना के कवि हैं। सिद्ध कीजिए। 16

अथवा

"राष्ट्रीय नवजागरण" के संदर्भ में गुप्त जो के काव्य का मूल्यांकन कीजिए।

3. प्रसाद की काव्य भाषा की प्रमुख विशेषताएँ बताइये। 16

अथवा

सुर्यकांत त्रिपाठी निराला के काव्य में प्रगतीशीलता के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डालिए।

4. रामधारी सिंह दिनकर के काव्य में निहित प्रेम और सौंदर्य का पड़ताल कीजिए। 16

अथवा

शमशेर बहादुर सिंह के काव्य का मूलस्वर क्या है? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

5. निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 2x8=16

(a) छायावाद

(b) नागार्जुन

(c) मोचीराम

(d) नयी कविता